पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने कैंसर जांच हेतु टेलीमेडिसन वाहन का अवलोकन किया

लखनऊः 15 नवम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में कैंसर एड सोसायटी एवं संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित टेलीमेडिसन कैंसर चेकअप वाहन का अवलोकन किया। इस अवसर पर डाॅ0 एस0के0 मिश्रा, प्रभारी, टेलीमेडिसन, एसजीपीजीआई, कैंसर एड सोसायटी के अध्यक्ष, डाॅ0 डी0पी0 गुप्ता, संस्थापक, श्री एम0के0 गुप्ता, श्रीमती नेहा त्रिपाठी, निदेशक सहित डाॅ0 के0एल0 गर्ग मेमोरियल सोसायटी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर टेलीमेडिसन सुविधा की सराहना करते हुये कहा कि इस का प्रचार-प्रसार व्यापक रूप से किया जाये जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी कैंसर के प्रति जागरूक हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रचार के लिये लोक भाषाओं में कैंसर से बचाव एवं इलाज हेतु साहित्य भी वितरित किया जाये जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जानकारी हो और उससे लाभ उठा सकें।

निःशुल्क सेवा
SCHOOL OF TELEMEDICINE & BIOMEDICAL INFORMATICS
SANJAY GANDHI POSTGRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES LUCKNOW
Dr. K.L. GARG MEMORIAL CHARITABLE TRUST LUCKNOW
CANCER AID SOCIETY